झारखण्ड लोक सेवा आयोग,
सर्कुलर रोड, रांची–834001

प्रेस विज्ञप्ति

राजकीय पोलिटेकनिक/महिला पोलिटेकनिक संस्थानों में व्याख्याता के रिक्त पदों पर बैकलॉग नियुक्ति के संबंध में सूचना

राजकीय पोलिटेकनिक/महिला पोलिटेकनिक संस्थानों में व्याख्याता के रिक्त पदों पर **बैकलॉग** नियुक्ति **(विज्ञापन संख्या–42/2016)** हेतु इच्छुक भारतीय अर्हत्ताधारियों से **दिनांक–20.12.2016 से दिनांक–19.01.2017** तक ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए थे।

पुनः ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि को दिनांक–**02.06.2017** अपराह्न **05:00** बजे तक विस्तारित किया जाता है। दिनांक–**02.06.2017** के बाद दिनांक–**06.06.2017** तक लिंक मात्र परीक्षा शुल्क भुगतान करने हेतु उपलब्ध रहेगा। विज्ञापन के अनुसार ऑनलाइन आवेदन की मुद्रित प्रति एवं वांछित अभिलेखों की छायाप्रति आयोग कार्यालय में पहुँचने की अंतिम तिथि **दिनांक–09.06.2017** अपराह्न **05:00** बजे तक है।

2. पूर्व में आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।
3. विज्ञापन में अन्य सभी प्रावधान एवं शर्तें यथावत् लागू रहेंगी।
4. यह प्रेस विज्ञप्ति आयोग के वेबसाइट **www.jpsc.gov.in** पर भी उपलब्ध है।

ह0/–
सचिव,
झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची